कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 156 / 11–सी–FP/UP/Road/41235/2019, लखनऊ, दिनांकः जुलाई 20 ,2020

सेवा में,

वन संरक्षक,
चित्रकूटधाम वृत्त,
बांदा।

विषयः– जनपद–हमीरपुर में बिलरायॉ–पनवाड़ी मार्ग (राज्य मार्ग–21) के चैनेज 399.600 से 427.000 (चिकासी से राठ) तक 4–लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण में प्रभावित 49.32 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 2611 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

प्रस्ताव सं0– FP/UP/Road/41235/2019

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/38/2020/एफ0सी0/673, दिनांक 15.06.2020

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण आपके पत्रांक–174/33–1, दि0 15.07.2020 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त निम्नलिखित कमियाँ पायी गयीः–

1. भारत सरकार की आपत्ति सं0–3 के निराकरण के क्रम में चैनेज वाइज Land Schedule संलग्न नहीं किया गया है।
2. भारत सरकार की आपत्ति सं0–6 के निराकरण के क्रम में संलग्न किये गये Cost benefit analysis में वृक्षारोपण किये जाने वाले पौधों की संख्या गलत अंकित की गयी है। अतः संशोधित Cost benefit analysis संलग्न करें।
3. भारत सरकार की आपत्ति सं0–7 के निराकरण के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर आख्या/प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है।
4. भारत सरकार की आपत्ति सं0–9 के निराकरण के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर आख्या/प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर भारत सरकार की आपत्तियों का पूर्ण समेकित बिन्दुवार निराकरण अभिलेखों एवं संस्तुति सहित तीन प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।
पत्रांक 163 /33-1/ दिनांक, हमीरपुर, जुलाई 21 ,2020
प्रतिलिपि :- अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित है कि पत्र का अवलोकन करते हुए आपत्तियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

D.F.O.

संख्या– 156 /11–सी– FP/UP/Road/41235/2019, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।
2. अवर अभियन्ता (सिविल), निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, हमीरपुर।

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-546